समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# हर 2 शेयर पर 1 फ्री, 5 साल मे 18,500% का रिटर्न: शिल्चर टेक्नोलॉजीज ने निवेशकों को किया मालामाल।

Publisher

Published on 05 Jun 2025



## शिल्चर टेक्नोलॉजीज ने दिया जबरदस्त रिटर्न, बोनस शेयर और डिविडेडं से निवेशकों को मिला बड़ा तोहफा।

**मुंबई :** शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए **शिल्चर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (Shilchar Technologies)** किसी सुनहरे मौके से कम नहीं रही है। इस कंपनी ने सिर्फ 5 सालों में **18,592%** का शानदार रिटर्न दिया है, जिससे निवेशकों की पूंजी कई गुना बढ़ चुकी है। अब कंपनी ने निवेशकों को और खुश करते हुए हर **2 शेयर पर 1 बोनस** शेयर देने की घोषणा की है।

**बोनस और डिविडेडं की बौछार**

कंपनी ने **6 जून 2025** को **2:1** के अनुपात में बोनस शेयर देने का ऐलान किया है। यानी यदि किसी निवेशक के पास 2 शेयर हैं, तो उसे 1 अतिरिक्त शेयर मिलेगा। इसके साथ ही कंपनी ने **125% डिविडेडं** की भी सिफारिश की है, यानी **प्रत्येक शेयर पर ₹12.5** का लाभांश मिलेगा। हालांकि डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट बाद में घोषित की जाएगी।

**दमदार तिमाही और सालाना प्रदर्शन**

**Q4 FY25** के नतीजे बेहद प्रभावशाली रहे हैं। चौथी तिमाही में **कंपनी का मुनाफा 119.1%** की बढ़ोतरी के साथ **231.86 करोड़** रुपये हो गया है। वहीं, पूरे वित्त वर्ष में **स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट बढ़कर 55.36 करोड़** रुपये पहुंच गया, जो सालाना आधार पर **121.26%** की छलांग है।

पिछले 5 सालों का शानदार रिटर्न

१. **5 साल मे: 18,592%**
२. **2 साल मे: 802%**
३. **1 साल मे: 61%**
४. **1 हफ्ते मे: 10% की तेजी**

हालांकि, शेयर अभी भी अपने उच्चतम स्तर से लगभग **10% नीचे ट्रेड** कर रहा है, जिससे निवेशकों को एन्ट्री का एक और मौका मिल सकता है।

**कंपनी करती क्या है ?**

**शिल्चर टेक्नोलॉजीज** एक **ट्रांसफॉर्मर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी** है, जो उच्च गुणवत्ता वाले **ट्रांसफॉर्मर** बनाती है और घरेलू तथा **अंतरराष्ट्रीय बाजारों** में सप्लाई करती है। कंपनी की मजबूत बुनियादी स्थिति और लगातार बढ़ता मुनाफा इसे एक आकर्षक निवेश विकल्प बनाता है।

**निवेशकों के लिए सलाह**

जो निवेशक इस शानदार प्रदर्शन वाली कंपनी से अभी तक नहीं जुड़े हैं, उनके लिए यह बोनस शेयर और मजबूत **फाइनेंशियल्स** के कारण एक बेहतरीन अवसर हो सकता है। हालांकि, बाजार में निवेश से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श जरूर लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.